१.४.११ सेवा उद्यम : एक सेवा उद्यम या सेवा क्षेत्र उद्यम वो है जो उपभोज्य इकाई के लाभ के लिए कार्यकलाप करने में लगी होती है और उपभोज्य इकाई के माँग पर सेवा इकाइयों के कार्यकलाप द्वारा उपभोज्य इकाई को प्रतीकात्मक शर्तों से अवगत करती है । एक इकाई के लिए यह संभव है कि वह अपने उपभोग के लिए सेवा का उत्पाद कर सकती है बशर्ते कि वह इस प्रकार का कार्यकलाप हो जो अन्य इकाई द्वारा भी किया जा सकता है । सेवा के उपभोक्ता की शर्तों में सेवा के उत्पादक द्वारा लाए गए बदलाव के कुछ उदाहरण है :

(क) उपभोज्य वस्तुओं के शर्तों के बदलाव : उपभोक्ता के स्वामित्वाधीन वस्तुओं को उत्पादक सीधे ले जाना, सफाई करना, मरम्मत या अन्यथा हस्तान्तरित करना उसमें से है ;

(ख) व्यक्ति के शारीरिक शर्तों में बदलाव : उत्पादक व्यक्ति को ले जाना उन्हें आवास उपलब्ध कराता है, उनके लिए चिकित्सा या शल्य चिकित्सा उपलब्ध कराना, उनके रूप रंग बढ़ाना आदि करता है ;

(ग) व्यक्ति के मानसिक स्थिति को बदलना : उत्पादक शिक्षा, सूचना, सलाह, मनोरंजन या समान सेवायें उपलब्ध कराता है ;

(घ) स्वयं संस्थागत इकाई के सामान्य आर्थिक स्थिति में बदलाव : उत्पादक बीमा, वित्तीय मध्यस्थता, सुरक्षा, गारंटी आदि उपलब्ध कराता है ।

रा.औ.व.-२००८ के अन्तर्गत डी-यू, अनुभाग जी (व्यापार) को छोड़कर सभी कार्यकलाप *व्यापार को छोड़कर सेवा कार्यकलाप* माने जायेगें । तथापि, अनुभाग डी (विद्युत, गैस, भाप और वातानुकूलन की सप्लाई) एफ (निर्माण), ओ (सार्वजनिक प्रशासन और रक्षा बाध्यकर सामाजिक सुरक्षा) टी (नियोक्ता का पारिवारिक कार्यकलाप) और यू

(राज्यक्षेत्रातीत संगठन और निकाय) को इस सर्वेक्षण की व्याप्ति से बाहर रखा गया है । पैरा १.२.१ में वर्णित अनुसार केवल सेवा क्षेत्र के असंगठित उद्यमों को ही व्याप्ति के अन्तर्गत सर्वेक्षण के लिए रखा गया है । इनमें से भी, रा.औ.व.-२००८ संकेतांक के अन्तर्गत कुछ कार्यकलाप को सर्वेक्षण की व्याप्ति से बाहर रखा है : ३६ (जल एकत्रण, अभिक्रिया और आपूर्ति) ४९१ (परिवहन रेल द्वारा), ४९२१२ (नगरीय या उप नगरीय ट्रामवेज), ४९२१३ (नगरीय या उप-नगरीय भूमिगत या ऊँजा रेल), ४९३ (परिवहन पाइपलाइन द्वारा), ५१ (वायु परिवहन), ६४१ (वित्तीय मध्यस्थता), ६४२ (नियन्त्रक कम्पनी के कार्यकलाप), ६६११ (वित्तीय बाजार का प्रशासन), ७७४ (गैर-वित्तीय अप्रत्यक्ष सम्पत्तियों को पट्टे पर देना), ९४२ (व्यापार संगठनों के कार्यकलाप), ९४९१ (धार्मिक संगठनों के कार्यकलाप इसमें व्यक्तिगत कार्यकलाप भी शामिल हैं), ९४९२ (राजनैतिक संगठनों के कार्यकलाप) ।

१.४.१२ वित्तीय उद्यम : एक वित्तीय उद्यम सेवा उद्यम है जो मूलतः वित्तीय मध्यस्थता में या गौण वित्तीय कार्यकलाप जो वित्तीय मध्यस्थता से काफी संबंधित है में लगी हुई है । एक वित्तीय मध्यस्थता एक उत्पादनकारी कार्यकलाप है जिसमें एक संस्थागत इकाई बाजार से वित्तीय लेनदेन में लग कर वित्तीय परिसम्पत्तियों के खरीद के प्रयोजन के लिए उपने खाते पर देयता उठाती है । वित्तीय मध्यस्थता महाजन (साहूकार) से कर्जदार को निधि दिलाने के लिए उनके बीच मध्यस्थता की भूमिका निभाते हैं ।

१.४.१३ पारिवारिक उद्यम : एक पारिवारिक उद्यम वह है जो एक परिवार के एक या अधिक सदस्यों द्वारा या दो अथवा अधिक परिवारों द्वारा साझेदारी आधार पर संयुक्त रुप से चलाया जाता है भले ही वह उद्यम परिवार(रों) के परिसरों में स्थित हो या न हो । दूसरे शब्दों में, सभी मालीकाना और साझेदारी उद्यमें पारिवारिक उद्यमें हैं ।

१.४.१४ गैर-परिवारिक उद्यम : गैर-परिवारिक उद्यम वे हैं जो संस्थागत हैं अर्थात् जो सार्वजनिक क्षेत्र (केन्द्रीय या राज्य सरकार, स्थानीय स्व-सरकार, स्थानीय निकाय, सरकारी उपक्रम, आदि), निगमित क्षेत्र, सहकारी सोसाइटी, अन्य प्रकार की सोसाइटियों, संस्थानों, एसोसियेशनों, न्यासों के स्वामित्व में हैं और उनके द्वारा चलाये जाते हैं । सार्वजनिक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गैर-पारिवारिक उद्यम वर्तमान सर्वेक्षण में शामिल नहीं किए जाएंगे ।

१.४.१५ स्व-कार्यरत उद्यम (स्व.का.उ.) : स्व-कार्यरत उद्यम एक ऐसा उद्यम है जो पारिवारिक श्रमिक द्वारा बिना किसी भाड़े के कर्मी को "स्पष्टतया नियमित आधार" पर नियोजित किये बिना चलाया जाता है । "स्पष्टतया नियमित आधार" का तात्पर्य है संदर्भ अवधि की एक बड़ी अवधि जब उद्यम का संचालन किया जा रहा था ।

१.४.१६ अधिष्ठान : वे उद्यमें, जिन्होंने 'स्पष्टतया नियमित आधार' पर कम-से-कम एक भाड़े का कर्मी रखा, अधिष्ठान कहलाते हैं । एक उद्यम में प्रदत्त या अप्रदत्त प्रशिक्षु, प्रदत्त पारिवारिक सदस्य/नौकर/आवासीय कर्मचारी किराये के कर्मचारी माने जाते हैं ।

१.४.१७ गैर-निर्देशिका अधिष्ठान (गै.नि.अ.) : एक से पांच कर्मचारियों (पारिवारिक और किराये के दोनों) वाले एक अधिष्ठान को एक गैर-निर्देशिका अधिष्ठान कहा जाता है ।

१.४.१८ निर्देशिका अधिष्ठान (नि.अ.) : एक निर्देशिका अधिष्ठान वह है जिसमें छह या अधिक कर्मचारी (पारिवारिक और किराये के दोनों) लगे होते हैं ।

१.४.१९ बारहमासी उद्यम : वे उद्यमें, जो पूरे वर्ष के दौरान न्यूनाधिक लगातार चलते हैं, 'बारहमासी उद्यम' कहलाते हैं ।

१.४.२० मौसमी उद्यम : मौसमी उद्यम वे हैं, जो सामान्यतः किसी एक मौसम में या एक वर्ष के निश्चित महीनों में चलते हैं ।

१.४.२१ आकस्मिक उद्यम : वे उद्यम जो कभी-कभी चलते हैं अर्थात् जो पिछले ३६५ दिनों के दौरान कुल मिलाकर कम से कम ३० दिन चले हैं, को 'आकस्मिक उद्यम' कहा जाता है ।

१.४.२२ स्वामित्व के आधार पर उद्यमों का वर्गीकरण :

(i) **मालिकाना :** जब एक व्यक्ति एक उद्यम का एकमात्र स्वामी हो तो वह उद्यम एक मालिकाना उद्यम हैं । स्वयं के उपयोग के लिए अचल परिसंपत्ति का स्वकार्यरत उत्पादन, जब एक एकमात्र सदस्य द्वारा उत्पादित किया जाता है, तो उसे मालिकाना उद्यम के रुप में वर्गीकृत किया जाता है ।

(ii) **साझेदारी :** साझेदारी को इस प्रकार परिभाषित किया जाता है : "उन व्यक्तियों के बीच में सम्बंध, जो उन सभी के द्वारा या उन सभी के लिए कार्य करने वाले उनमें से एक द्वारा चलाये जाने वाले एक व्यापार से प्राप्त लाभ को बांट लेने के लिए सहमत हैं ।" स्वामी एक या अधिक उसी परिवार के या अन्य परिवारों के एक साझेदारी आधार पर औपचारिक पंजीकरण सहित या उसके बगैर (जहां उन तथाकथित साझेदारों के बीच लाभ के बंटवारे के बारे में एक अनकहा समझौता होता है) हो सकता है । जब एक ही या भिन्न परिवारों के दो या अधिक सदस्यों द्वारा अचल परिसंपत्ति का स्वकार्यरत उत्पादन किया जाता है तो उसे साझेदारी उद्यम माना जाता है । इस प्रकार, परिवारों के एक समूह द्वारा अचल परिसंपत्ति का समुदाय के उपयोग के लिए स्वकार्यरत उत्पादन, साझेदारी उद्यम के रुप में वर्गीकृत किया जायेगा । **ध्यान रखा जाएगि लिमिटेड लायबिलिटि पार्टनरशीप (एलएलपी) अधिनियम, २००८ के तहत पंजीकृत साझेदारी उद्यम सर्वेक्षण के दायरे से बाहर हैं । साथ ही, फैक्टरी अधिनियम, १९४८ के तहत पंजीकृत साझेदारी उद्यम भी सर्वेक्षण दायरे से बाहर हैं ।**

(iii) **सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम :** एक उद्यम, जो पूर्णतः केन्द्रीय या राज्य सरकारों, अर्ध-सरकार, संस्थानों, स्थानीय निकायों पंचायत, जिला परिषद्, नगर निगम, नगरपालिका प्राधिकरण, आदि, स्वायत्त निकाय जैसे विश्वविद्यालयों, शिक्षा बोर्डों, और सरकार, पंचायत, आदि द्वारा स्थापित संस्थाएं जैसे स्कूल, पुस्तकालय आदि द्वारा स्वामित्वाधीन/चलाया/प्रबंधित होता है, को सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम माना जाएगा । एक एकल या व्यक्तियों के समूह द्वारा स्वामित्वाधीन/प्रबंधित उद्यम जिसमें सरकार स्थानीय निकाय आदि की कोई भागीदारी न हो, प्रबंधन और हिस्सेदारी दोनों में ही, को एक निजी क्षेत्र उद्यम माना जाएगा । एक उद्यम को एक सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम नहीं मानना चाहिए यदि यह सरकार, स्थानीय निकाय आदि द्वारा दिये गये एक ऋण से चलता है ।

(iv) **प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी :** प्राइवेट कम्पनी का तात्पर्य उस कम्पनी से है जो अपने नियमों के अनुसार :

(क) अपने शेयरों, यदि कोई हो, के हस्तांतरण के अधिकार को प्रतिबंधित करती है;
(ख) अपने सदस्यों की संख्या को पचास तक सीमित करती है, जिसमें ये शामिल नहीं होते -
I. वे व्यक्ति, जो कंपनी के नियोजन में हैं;
रूरू. वे व्यक्ति, जो पूर्व में कंपनी के नियोजन में थे और नियोजन के दौरान सदस्य भी थे और नियोजन के रद्द हो जाने के बाद भी सदस्य बने हुए हैं,

(ग) कम्पनी के किसी शेयर या डिबेंचर के लिए जनता द्वारा पूर्वक्रय के उपक्रम को निषेध करती है ।
[जब एक कम्पनी में दो या अधिक शेयर दो या अधिक व्यक्तियों द्वारा संयुक्त रुप से धारण किये गये हैं, तो इस परिभाषा के उद्देश्य के लिए उन्हें एक एकल सदस्य द्वारा धारित माना जायेगा ।]

(v) **सार्वजनिक लिमिटेड कम्पनी :** एक सार्वजनिक (पब्लिक) लिमिटेड कम्पनी उसे कहा जाता है जो एक निजी कम्पनी नहीं है । ऐसी सार्वजनिक कम्पनी के असीमित सदस्य हो सकते हैं और यह जनता को अपने शेयर और डिबंचरों की खरीद के लिए आमंत्रित कर सकती है । एक सार्वजनिक कम्पनी बनाने के लिए सदस्यों की न्यूनतम संख्या सात है ।

(vi) **सहकारी समितियां :** सहकारी समिति वह है जिसका गठन कुछ लोगों के सहयोग से उनके अपने हित के लिए किया जाता है । ये लोग उस समिति के सदस्य कहलाते हैं । इस प्रक्रिया में, सदस्यों के अंशदान/निवेश से निधि जमा की जाती है और समिति के कार्यकलापों से उत्पन्न लाभ को सदस्यों में बांट दिया जाता है । एक सरकारी एजेंसी के रुप में सरकार स्वयं भी एक पंजीकृत सहकारी समिति का एक सदस्य या शेयरधारक हो सकती है, पर इस तथ्य से, इस सर्वेक्षण के उद्देश्य के लिए, उस समिति को एक सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम नहीं माना जा सकता ।

(vii) **न्यास (ट्रस्ट) :** यह एक व्यवस्था है जिसके द्वारा व्यक्तियों के एक समूह, अर्थात् न्यासियों, जो सम्पत्ति के वैधानिक स्वामी होते हैं, द्वारा अन्य समूह, अर्थात् लाभग्राहियों के हित में कार्य किया जाता है । न्यासों की स्थापना व्यक्तियों या परिवारों को सहायता उपलब्ध कराने के लिए, पेंशन देने, धर्मार्थ संस्था चलाने, दिवालिये की सम्पत्ति को उनके देनदारों के लाभ के लिए परिसमाप्त करने, या न्यास द्वारा अपने निवेशकों के धन से खरीदी गई प्रतिभूतियों को सुरक्षित रखने के लिए की जाती है । न्यास द्वारा धारित परिसम्पत्तियां विधान के अनुसार नियमित की जाती हैं, इनका संचालन लाभग्राहियों के हित में किया जाना चाहिए न कि न्यासियों के लाभ के लिए ।

(viii) **लाभनिरपेक्ष संस्था (NPI)** : लाभनिरपेक्ष संस्थायें वैधानिक या सामाजिक हस्तियां होती हैं जिनकी स्थापना वस्तुओं और सेवाओं को पैदा करने के उद्देश्य से की जाती हैं, पर इनकी हैसियत इन्हें अपने को स्थापित करने, नियंत्रित करने या वित्त प्रदान करने वाली इकाइयों के लिए आय, लाभ या अन्य वित्तीय लाभ का एक स्रोत बनने की अनुमति नहीं देती । व्यवहार में, उनके उत्पादक कार्यकलाप या तो अधिक्य या अभाव उत्पन्न करने को बाध्य हैं पर उनके द्वारा उत्पादित आधिक्य को कोई अन्य संस्थागत इकाई ले नहीं सकती है । साझेदारी के नियम, जिनके द्वारा इनकी स्थापना होती है, इस प्रकार बनाये गये होते हैं कि उन्हें नियंत्रित या प्रबंधित करने वाली संस्थागत इकाइयां उनके लाभ या अन्य आय जो लाभ निरपेक्ष संस्थाएं प्राप्त करती हैं, में से कोई हिस्सा नहीं ले सकते । इन कारणों से उन्हें विभिन्न प्रकार के करों से छूट दिया गया है ।

गैर वित्तीय संस्थान मूलतः बाजार उत्पादक है मगर वे गैर-बाजार उत्पादन में भी लगे हुए हो सकते हैं । बाजार में और गैर-बाजार उत्पाद में लगे हुए लाभ निरपेक्ष संस्थाओं के बीच भेद निकालना आवश्यक है क्योंकि इसका असर उस क्षेत्र के अर्थ-व्यवस्था को प्रभावित करता है जिसमें यह गैर-वित्तीय संस्थान स्थित है ।

अधिकतर बाजार लाभ नि.सं. व्यवसायों का सृजन व्यवसाय संघों द्वारा किया जाता है जिनका स्वार्थ इन्हें बढ़ाना है । इसमें वाणिज्य मंडल, कृषि, विनिर्माण या व्यापार संगठनें, नियोक्ता संगठनें, अनुसंधान या परीक्षण प्रयोगशालायें या अन्य संगठनें या संस्थान हैं जो ऐसे कार्यकलाप से जुड़े होते हैं जो उन्हें नियंत्रित करने एवं वित्त प्रदान करने वाले व्यवसायों के समूह के परस्पर हित या लाभ के होते हैं । ।

१.४.२३.१ स्वयं-सेवी दल : एक स्वयं-सेवी दल (एस एच जी) एक वित्तीय माध्यम है जिसमे सामान्यतः १०-२० स्थानीय व्यक्तियों से बना होता है । अधिकतर स्वयं सेवी दल भारत में स्थित हैं, फिर भी स्व.से.दल अन्य देशों विशेषकर दक्षिणी एशिया और दक्षिणपूर्वी एशिया में भी पाये जाते हैं । कुछ महीनों में अल्प नियमित बचत अंशदान द्वारा सदस्य पूँजी तैयार करते हैं और ऋण देने लायक पर्याप्त धन होने पर ऋण देना प्रारंभ करते हैं । ऋण वापस सदस्यों को ही या ग्राम के अन्य लोगों को किसी भी प्रयोजन के लिए दी जाती है । लघु उधार प्रदान करने के लिए भारत में, अधिकतर स्वयं सेवी दल बैंकों के साथ जुड़े हुए हैं ।

स्वयं सेवी दलों की विशेषताएं निम्नलिखित हैं :

- स्व.से.द. एक छोटा दल है जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर या गरीब व्यक्ति होते हैं, जो सदस्यों के सामाजिक और आर्थिक स्तर को बेहतर करने के लिए स्वतः आगे आकर एक समूह बनाते हैं ।
- यह औपचारिक (पंजीकृत) या अनौपचारिक हो सकता है ।
- इस संकल्पना में मितव्यय, ऋण और स्वयं सेवा का सिद्धांत निहित होता है ।
- स्व.से.द. के सदस्य नियमित रूप से बचत और आम निधि में अंशदान करने के लिए सहमत होते हैं ।
- सदस्य आम निधि और ऐसे अन्य निधियों (जैसे अनुदान और बैंकों से ऋण) जिसे वे एक समूह के रूप में प्राप्त करते हैं, का प्रयोग समूह के निर्णयानुसार जरूरतमद सदस्यों को छोटे ऋण देने में प्रयोग करने के लिए सहमत होते हैं ।
- एक स्व.से.द. का आदर्श आकार १० से २० सदस्यों का होता है । कानूनतः भी यह आवश्यक है कि एक अनौपचारिक समूह में २० से अधिक न हो । तथापि, विषम क्षेत्रों में जैसे रेगिस्तान, पहाड़ों और कम या फैली हुई आबादी और विकालंग व्यकतियों के मामले में इसकी संख्या ५-२० में हो सकती है ।
- यह समूह पंजीकृत नहीं भी हो सकता है ।

- एक परिवार से केवल एक व्यक्ति ही स्व.से.द. का सदस्य बन सकता है । (इस तरह अधिक परिवार स्व.से.स. में जुड़ सकते हैं) ।
- साधारणतः समूह में या तो केवल पुरुष या महिलाएं होती हैं ।
- सदस्य २१-६० वर्ष के आयु वर्ग के होने चाहिए ।
- सदस्य गरीब व्यक्ति होने चाहिए । [गरीब पद आर्थिक स्थिति और रहनसहन की स्थिति से संबंधित है और इसका गरीबी रेखा से कोई संबंध नहीं है । गरीबी रेखा (ए पी एल) से ऊपर वाले व्यक्ति भी गरीबी रेखा से नीचे (बी पी एल) वाले व्यक्तियों की तरह स्व.से.द. का गठन कर सकते हैं] ।

१.४.२३.२ स्वयं-सेवी दलों का कार्यकलाप

अधिकतर मामलों में स्वयं-सेवा दल केवल वित्तीय मध्यस्थता से जुड़े होते है अर्थात स्व.से.द. का कार्यकलाप सदस्यों को ऋण देने तक ही सीमित है और सदस्य इस ऋण का उपयोग निजी या ठेकेदारी किसी भी कार्य के लिए कर सकते हैं ।

तथापि, एक स्व.से.द. पहले गठित हो सकता है और बाद में समूह आधारित उद्यम से जुड़ सकता है । उदाहरण के लिए, ऐसे समूह-आधारित कार्यकलाप नीचे दिये गये हैं :

(i) लघु -ऋण के प्रयोग से स्थापित व्यक्तिगत उद्यमों के उत्पाद के विपणन का सामूहिक संगठन, ग्राम स्तर पर खासकर दूध एकत्रण केन्द्र/डेयरी सहकारिता ।

(ii) उत्पादन के लिए अधिक प्राकृतिक परिसम्पत्तियों के लिए समूह ऋण के प्रयोग से स्व.से.दल का सामूहिक कार्यकलाप उदाः भूमि और तालाबों को कृषि और मत्स्यपालन के लिए पट्टे पर लेना ।

(iii) समूह ऋण पर आधारित अन्य सामूहिक आर्थिक कार्यकलाप जिसमें श्रम और प्रबन्धन : पत्थर कटाई, चावल-विधायन एक तम्बू घर का प्रबन्धन आदि सन्निहित है ।

(iv) सरकारी संविदाओं का प्रबन्धन जैसे राशन दुकान चलाना (सार्वजनिक वितरण प्रणाली के एक भाग के रूप में), स्कूल बच्चों के लिए मध्यान्ह्न भोजन पकाना, एक आर्थिक सहायता प्राप्त चारा डिपो प्रबंधन आदि

वित्तीय मध्यस्थता में लगे स्वयं-सेवी दलों के लिए और समूह आधारित उद्यम चलाने वाले स्वयं-सेवी दलों के लिए मार्गदर्शन निम्नलिखित हैं -

एक स्वं.से.द. के सूचीकरण के समय निम्नलिखित तीन मामलों पर विचार किया जाना है :-

(क) स्व.से.द. केवल वित्तीय मध्यस्थता में लगे हुए हैं । ऐसे मामलों में, उसे वित्तीय मध्यस्थता के अन्तर्गत सूचीकृत किया जायेगा ।

(ख) एक स्व.से.द. का गठन हुआ है और बाद में वह केवल कुछ गैर-वित्तीय कार्यकलाप में लगा हुआ है । ऐसे मामले में, यदि वह कार्यकलाप सर्वेक्षण व्याप्ति के अन्तर्गत है, तो उसे तदनुरूप गैर-वित्तीय कार्यकलाप के अन्तर्गत सूचीकृत किया जायेगा । उद्यम को स्व.से.द. के रूप में ही माना जायेगा ।

(ग) एक स्व.से.द. वित्तीय के साथ-साथ गैर-वित्तीय कार्यकलाप में भी लगा हुआ है । ऐसे मामलों में, वर्द्धित अधिकतम मूल्य/बिक्री टर्नओवर/रोजगार क्रम के आधार पर प्रधान कार्यकलाप का निर्णय किया जायेगा । उद्यम को स्व.से.द. के रूप में ही माना जायेगा ।

१.४.२३.३ एक स्व.से.द. की योग्यता का निर्धारण :

सर्वेक्षण के प्रयोग के लिए एक स्व.से.द. को योग्य उद्यम के रूप में माना जायेगा यदि उस स्व.से.द. के संचालन के दिनों की कुल संख्या पिछले ३६५ दिनों के दौरान कम से कम १५ दिन है । कार्य दिवस में शामिल हैं -

(क) बैठक के दिन ।

(ख) जमा/निकासी/ऋण/पुनः भुगतान आदि के प्रयोग के लिए बैंक के साथ आदान-प्रदान के दिन ।

(ग) स्व.से.द. से संबंधित अन्य कार्य जैसे रजिस्टरों के रखरखाव को करने के दिन ।

१.४.२३.४ एक स्व.से.द. के कामगार मालिकों की संख्या का निर्धारण :
स्व.से.द. के वे सदस्य जो नियमित रूप से बैठकों में उपस्थित रहते हैं या निर्णय लेने की प्रक्रिया जैसे सचिव, खजान्ची, सक्रिय समिति सदस्य आदि में भाग लेते हैं ,को कामगार मालिक माना जायेगा ।

१.४.२४ सर्वेक्षण व्याप्ति के अन्तर्गत भिन्न प्रकार के सेवा क्षेत्र उद्यमों के संक्षिप्त विवरण नीचे दिए गए हैं । सभी कार्यकलापों की विस्तृत सूची के लिए रा.औ.व-२००८ पुस्तक को देखा जाए ।

रा.औ.व-२००८		सर्वेक्षण की व्याप्ति
संकेतांक	कार्यकलाप	
३७	मलजल व्यवस्था	मलजल प्रणाली संचालन और रखरखाव ; मानव या औद्योगिक गन्दे जल या बारिश का पानी का एकत्रण और मलजल प्रणाली के माध्यम से, एकत्रक, टंकी और परिवहन के अन्य माध्यम से (मलजल वाहन आदि), ले जाया जाना; भौतिक, रसायनिक या जैविक प्रक्रियाओं के माध्यम से गंदे जल या मल की अभिक्रिया
३८	कुड़ा-कचरा एकत्रण, अभिक्रिया और निपटान कार्यकलाप, सामग्रियों की प्रतिप्राप्ति	गैर-जोखिमी कुड़े-कचरे का एकत्रण, जोखिमी कुड़े-कचरे का एकत्रण, गैर-जोखिमी कुड़े-कचरे का निपटान और अभिक्रिया, जोखिमी कुड़े-कचरे का निपटान और अभिक्रिया, सामग्रियों की प्रतिप्राप्ति
३९	प्रतिविधि कार्यकलाप और अन्य कुड़े-कचरे प्रबन्धन सेवायें	प्रतिविधि कार्यकलाप और गन्दगी प्रबन्धन सेवायें । इसमें दूषित भवन और स्थल, भूमि, तल या भूतल जल की सफाई और अन्य विशिष्ट प्रदूषण-नियंत्रण कार्यकलाप
४९२	अन्य भू-परिवहन (नगरीय या उप नगरीय ट्राम [४९२१२] और नगरीय या उप-नगरीय भूतल या उत्थापित रेल [४९२१३])	नगरीय या उपनगरीय यात्री बस परिवहन, सुदूरवर्ती बस सेवायें, चार्टर भ्रमण और अन्य आवधिक यान सेवायें, कार चालक सहित कार को भाड़े पर देना, टैक्सी संचालन, स्कूल बसों और कर्मचारियों के परिवहन के लिए बसों का संचालन, मानव या पशु-द्वारा चलाये जाने वाले वाहनों द्वारा यात्री परिवहन, मोटर द्वारा रोड माल परिवहन, गैर मोटर द्वारा रोड माल परिवहन ।
५०	जल परिवहन	समुद्र और तटीय फेरी सेवा, समुद्र और तटीय जल पर्यटन, जल टैक्सी और अन्य पर्यटन नाव, समुद्री और तटीय सुदूर जल परिवहन, समुद्री और तटीय माल जल परिवहन, नदी फेरी सेवा, नदी पर्यटन, जल टेक्सी, नाव सेवायें, सुदूर नदी जल परिवहन; नदी, बांध, झील और अन्य अंतः स्थलीय जलमार्ग, अंतरीय बन्दरगाह और पोत सहित,द्वारा माल का परिवहन,
५२	परिवहन के लिए मालगोदाम और सहायक कार्यकलाप	माल गोदाम और भण्डारण के अंतर्गत सामान्य पण्य, फर्नीचर, ओटोमोबाइल, गैस और तेल, रसायन, वस्त्र आदि के शीतताप भंडारण, भंडारण और माल गोदामी शामिल हैं । इसमें विदेशी व्यापार क्षेत्र में माल का संग्रहण, भू-परिवहन के आनुषंगिक पोतभार संचालन, जल परिवहन के आनुषंगिक पोतभार संचालन, पर्यटन एजेन्टो के कार्यकलाप, पोत परिवहन पोत एजेन्टों के कार्यकलाप, मूवर्स और पैकर्स के कार्यकलाप, माल की तुलाई भी शामिल हैं ।
५३	डाक और कूरियर कार्यकलाप	सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम और स्थानीय निकाय द्वारा चालित डाक सेवाओं को छोड़कर डाक सेवायें उपलब्ध कराने वाले सभी उद्यमों, को व्याप्ति में लिया जाएगा । इसमें कूरियर सेवायें भी शामिल हैं ।

रा.औ.व-२००८		
५५	आवास	होटल और मोटल, सराय, सैरगाह जो अल्पावधि (लघु) आवास सुविधा उपलब्ध कराते हैं; इसमें हाउस बोट में आवास, एक संगठन के सदस्यों को लघु-अवधि आवासीय सुविधा का प्रावधान जैसे कि कम्पनी गेस्ट हाउस या उसी प्रकार के प्रतिष्ठान, कैम्प मैदानों में आवास का प्रावधान, ट्रेलर पार्क, लघु-अवधि पर्यटकों के लिए मनोरंजन कैम्प और मत्स्य-ग्रहण और शिकार कैंप, मनोरंजन वाहनों के लिए जगह और सुविधाओं का प्रावधान, पहाड़ी शरणागृह द्वारा आवास उपलब्ध कराना, छात्र आवासों, स्कूल शयनागार वर्कर होस्टल और बोर्डिंग हाउस द्वारा आवास उपलब्ध कराना, । [एक रेस्तरां एक उद्यम है जो भोजन, व्यवस्था के अन्य तैयार खाद्य और नाश्ते को/ साथ या उनके बगैर आवास की सुविधा उपलब्ध कराता है ।] [एक होटल एक उद्यम है जो भोजन की व्यवस्था या भोजन के बगैर, अन्य तैयार और अलपाहार के साथ आवास उपलब्ध कराते हैं ।]
५६	आहार और पेय सेवा कार्यकलाप	रेस्तरां ; मदिरालय रेस्तरां के साथ या बगैर, अल्पाहार-गृह, फास्ट-फुड रेस्तरां और अन्य बाजारू स्टॉल में तैयार आहार, आईसक्रीम चलंत बिक्रेता, चलंत आहार वाहन, परिवहन से जुड़े रेस्तरां और मदिरालय कार्यकलाप जब पृथक इकाइयों द्वारा किए जाते है, इवेन्ट केटरिंग, आहार सेवा ठेकेदारों के कार्यकलाप (उदाहरण के लिए परिवहन कम्पनियाँ), केन्टीन का संचालन या (उदा. के लिए फैक्ट्री, कार्यालयों अस्तपालों या स्कूलों के लिए) रियायती आधार पर (मगर सरकार द्वारा चलाये गये कैन्टीन को शामिल नहीं किया जायेगा); चाय/कॉफी दुकानें, फलों के रस की दुका , चलंत पेय बिक्रेता [एक रेस्तरां सामान्यतः खाने और पीने की सुविधाएं प्रदान करता है वहाँ ने के प्रावधान के बिना तुरंत उपयोग के लिए तैयार भोजन, खाद्य और नाश्ते एवं अन्य स्नैक्स की बिक्री की जाती है]
५८	प्रकाशन कार्यकलाप	पुस्तकों, किताबों, विवरणिका (ब्रॉशुर), पत्रक (लीफलेट) और इसी प्रकार के प्रकाशन, विश्वकोश सहित (सी.डी. रोम सहित), मानचित्र (एटलस), नक्शा और चार्ट का प्रकाशन, ऑडियो किताबों का प्रकाशन, डायरेक्ट्रीज और मेलिंग सूची का प्रकाशन, समाचार पत्र, जर्नल और पत्रिकाओं का प्रकाशन, आँकड़ों और अन्य सूचनाओं का ऑनलाइन प्रकाशन, ऑपरेटिंग सिस्टम और सिस्टम सॉफ्टवेयर का प्रकाशन, सभी स्तर के लिए कम्प्यूटर खेलों का प्रकाशन ।
५९	चलचित्र, विडियो और टेलिविजन कार्यक्रम प्रदर्शन, ध्वनी रिकॉर्डिंग और संगीत प्रकाशन कार्यकलाप	चलचित्र का प्रकाशन, विडियो प्रॉडक्शन टेलिविजन कार्यक्रम और टेलिविजन विज्ञापन की प्रदर्शनी, चलचित्र तैयार करने के पश्चात का कार्यकलाप, टेलिविजन कार्यक्रम और टेलिविजन विज्ञापन तैयार करने के पश्चात कार्यकलाप, विडियो प्रदर्शन को तैयार करने के पश्चात के कार्यकलाप, चलचित्र का वितरण, विडियो टेप, सी.डी., डी.वी.डी. और टेलिविजन कार्यक्रम का वितरण, सिनेमा, खुले स्थान या अन्य प्रक्षेपण सुविधायें में चलचित्र या विडियो टेप प्रक्षेपण, सिने क्लब के कार्यकलाप, स्टूडियो या अन्य स्थानों पर ध्वनि रिकार्डिंग के कार्यकलाप, संगीत प्रदर्शन का कार्यकलाप ।
६०	प्रोग्रामिंग और प्रसारण कार्यकलाप	रेडियो प्रसारण, टेलिविजन प्रोग्रामिंग और प्रसारण कार्यकलाप । प्रसारण भिन्न प्रकार की तकनीकों के प्रयोग से हवा में, सेटेलाइट के माध्यम से, केबुल नेटवर्क के माध्यम से या इंटरनेट के माध्यम से किया जा सकता है ।
६१	दूरसंचार	बुनियादी टेलीकॉम सेवाओं के कार्यकलाप :- टेलीफोन, टेलेक्स और टेलीग्राफ (एस.टी.डी./आई.एस.डी. बूथों के कार्यकलाप भी शामिल); टेलीकोम नेटवर्क का रखरखाव ; केबुल ऑपरेटरों के कार्यकलाप ; वायर्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर के

रा.औ.व-२००८		
		ऑपरेटर द्वारा इन्टरनेट ऐक्सेस प्रदान करने के कार्यकलाप ; वायरलेस इन्फ्रास्ट्रक्चर के ऑपरेटर द्वारा इन्टरनेट ऐक्सेस के कार्यकलाप ; पेजिंग, सेलूलर और अन्य दूरसंचार नेटवर्क का रखरखाव और संचालन के कार्यकलाप ; अन्य वायरलेस दूरसंचार क्रियाकलापों के कार्यकलाप ; सेटरलाइट इन्फ्रास्ट्रक्चर के ऑपरेटर द्वारा इन्टरनेट ऐक्सेस का कार्यकलाप, अन्य सेटरलाइट दूरसंचार कार्यकलापें, विशेष दूरसंचार ऐप्लीकेशन्स, यथा सेटरलाइट ट्रेकिंग, कम्यूनिकेशन्स टेलीमेट्री और रेडार स्टेशन ऑपरेशन, सेटलाइट टर्मिनल स्टेशन का ऑपरेशन, डायल-अप इन्टरनेट ऐक्सेस आदि जैसे नेटवर्कों पर इन्टरनेट ऐक्सेस ।
६२	कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग, कन्सेल्टेन्सी और संबंधित कार्यकलाप	किसी ग्राहक की आवश्यकता को पूरा करने के लिए कम्प्यूटर प्रोग्राम लिखना, संशोधित करना, जाँच करना, वेब-पेज डिजाइन करना, ग्राहकों को सॉफ्टवेयर सपोर्ट प्रदान करना और उसका रखरखाव, कम्प्यूटर सिस्टम का अधिष्ठापन, सिस्टम का प्रयोग करने वालों को प्रशिक्षण देना और सपोर्ट देना तथा हार्डवेयर सपोर्ट प्रदान करना, कम्प्यूटर सिस्टम की योजना और डिजाइन बनाना सहित जो कम्प्यूटर हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर और कम्यूनिकेशन तकनीकों का निर्माण करता है, सॉफ्टवेयर इन्स्टालेशन, कम्प्यूटर डिजास्टर रिकवरी ।
६३	सूचना सेवा कार्यकलापें	रिपोर्ट लेखन सहित समंक विधायन कार्यकलापें, वेब होस्टिंग कार्यकलापें, ग्राहकों को सामान्य टाइम-शेयर मेन-फ्रेम सुविधायें प्रदान करना, समंक प्रविष्टि सेवायें प्रदान करना, वेबसाइट का ऑपरेशन जो एक सरल सर्च करने लायक फार्मेट में इन्टरनेट ऐड्रेस एवं सूचना के व्यापक डाटाबेस को जेनरेट और मेन्टेन करने के लिए एक सर्च इंजन का प्रयोग करता है, अन्य वेबसाइटों का ऑपरेशन जो इंटरनेट के पोर्टल के रूप में कार्य करता है जैसे कि समय-समय पर अद्यतन सूचनाओं को प्रदान करने वाला मीडिया साइटस, समाचार संस्था कार्यकलापें, टेलीफोन आधारित सूचना सेवायें, साइबर कैफे के कार्यकलाप ।
६४३	ट्रस्ट, फंड और अन्य वित्तीय माध्यम	इस वर्ग में शेयर धारकों या लाभकर्ताओं की ओर से प्रबन्धन बगैर पूल प्रतिभूतियों या अन्य वित्तीय परिसम्पत्तियों के लिए संगठित कानूनी अस्तित्व पोर्टफोलियो इस प्रकार व्यवस्थित किए जाते हैं ताकि विशिष्ट निवेश विशेषतायें जैसे कि विविधता, जोखिम, ब्याज दर एवं मूल्य वोलेटिलिटी प्राप्त किए जा सके । ये अस्तित्व ब्याज, लाभांश और अन्य सम्पत्ति आय अर्जन करते हैं, परंतु कोई रोजगार नहीं होता और न ही सेवाओं की बिक्री से कोई आय होती है । **वित्तीय मध्यस्थता में पहले से ही संलग्न स्वयं सेवी दलों को एक विशेष संकेतांक ६४३०९ दिया जायेगा ।**
६४९	बीमा और पेंशन निधीयन कार्यकलापों को छोड़कर अन्य वित्तीय सेवा कार्यकलापें	वित्तीय लीजिंग, वित्तीय संस्थाओं द्वारा मुख्यतः ऋण प्रदान करने से संबंधित वित्तीय सेवा कार्यकलापें जो आर्थिक मध्यस्थता में सम्मिलित नहीं हैं (जैसे कि जोखिम पूँजी कम्पनियाँ, औद्योगिक बैंक, निवेश क्लब), जहां उधार, ऋण, बंधक, क्रेडिट कार्ड आदि कई रुपों में प्रदान किया जाता है, अन्य वित्तीय सेवा कार्यकलापें जो मुख्यतः ऋण प्रदान करने के अतिरिक्त निधियों के वितरण संबंधित हैं, किराया खरीद वित्तपोषण, मकान के लिए वित्त प्रदान करने वाली कम्पनियाँ, वाणिज्यिक ऋण कम्पनियां, अन्य उधार कार्यकलाप, गिरवी दुकानों

रा.औ.व-२००८		
		सहित के कार्यकलाप । **एक ऋण दाता जो ऋण दाता अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत है अथवा नहीं, को सर्वेक्षण व्याप्ति में लिया जायेगा । ऋण दाताओं का कार्यकलाप एक विशेष संकेतांक ६४९२९ में दिया गया है ।**
६५	पूनर्बीमा और पेंशन निधीयन, अनिवार्य समाजिक सुरक्षा को छोड़कर	सम्पत्ति बीमा, मोटर, नववाहन, उदुयन और परिवहन बीमा, आर्थिक क्षति ओर देयता बीमा, पूनर्बीमा (अन्य बीमा वाहकों द्वारा मूलतः अधोलिखित वर्तमान बीमा पॉलिसियों से संबंध पूरा या अंशतः जोखिम संबंधी कार्यकलाप), पेंशन निधियन [वैज्ञानिक अस्थित्व अर्थात प्रयोजक के केवल कर्मचारियों या सदस्यों के लिए सेवा निवृत्ती आय लाभ प्रदान करने के लिए आयोजित निधि, योजना और/या कार्यक्रम । इसके अन्तर्गत परिभाषित लाभों वाली पेंशन योजनायें के साथ-साथ व्यक्तिगत योजनायें जहाँ लाभ हों को साधारण तौर पर सदस्यों के अंशदान द्वारा परिभाषित किया गया है, शामिल हैं] ।
६६१	अन्य वित्तीय कार्यकलाप (वित्तीय बाजारों के प्रशासन को छोड़कर ६६११)	वित्तीय सेवा कार्यकलापों से गौण कार्यकलापें, बीमा और पेंशन निधियन को छोड़कर । इसके अन्तर्गत शामिल हैं - सार्वजनिक प्राधिकारियों को छोड़ अन्य वित्तीय बाजार जैसे कि कमोडिटी कन्ट्रैक्ट एक्सचेन्ज, फ्यूचर कमोडिटी कन्ट्रैक्ट एक्सचेन्ज, सेक्यूरिटी एक्सचेन्ज, स्टॉक एक्सचेन्ज, स्टॉक या कमोडिटी ऑक्शन एक्सचेन्ज का संचालन और पर्यवेक्षण, दूसरों के लिए वित्तीय बाजारों में लेन-देन (यथा स्टॉक ब्रोकिंग) और संबंधित कार्यकलापें, सेक्यूरिटी दलाली, कमोडिटी कॅन्ट्रैक्ट दलाली, विदेशी विनिमय सेवा, आदि: निवेश सलाहकारों, बंधक सलाहकारों और दलालों के कार्यकलाप, वित्तीय लेन-देन विधायन और निपटारा कार्यकलापें, ट्रस्टी, न्यासीय और अधिरक्षा सेवायें, सशुल्क या ठेका आधार पर ।
६६२	बीमा और पेंशन निधियन से सहायक कार्यकलाप	बीमा और पेंशन निधियन के अन्य सहायक कार्यकलापों को छोड़कर (६६२९) बीमा और पेंशन निधियन के सहायक कार्यकलाप । इसके अन्तर्गत बीमा की प्रशासन सेवाओं के प्रावधान, जैसे कि बीमा दावें का मूल्यांकन और निपटान, बीमा ऐजेन्टों और ब्रोकरों के कार्यकलाप शामिल हैं ।
६८	स्थावर सम्पदा का कार्यकलाप (स्वयं के आवासीय भवनों के संचालन को छोड़कर)	अपनी या पट्टे पर दी गई सम्पत्ति संबंधी स्थावर सम्पदा कार्यकलापें और एक शुल्क के साथ या ठीका आधार पर स्थावर सम्पदा कार्यकलापें । इसमें निम्नलिखित कार्यकलाप शामिल होंगे : स्वयं के या पट्टे पर दिये गये स्थावर सम्पदा की खरीद, बिक्री, संचालन (स्वयं के आवासीय भवनों के संचालन को छोड़कर), स्थायी प्रयोग के लिए मासिक या वार्षिक आधार पर घरों एवं सुसजित या गैर-सुसजित फ्लटों या अपार्टमेन्टों की व्यवस्था करना, अपने संचालन के लिए अर्थात इन भवनों के कुछ स्थलों को किराये पर देने के लिए भवन परियोजनाओं का विकास, भू-विकास के बगैर स्थावर सम्पदाओं को भू-खंडों में उप विभाजित करना, आवासीय मोबाइल गृह स्थलों का संचालन, एक शुल्क या ठीका आधार पर स्थावर सम्पदा कार्यकलापों के प्रावधान जिसके अन्तर्गत स्थावर सम्पदा संबंधी सेवायें जैसे कि स्थावर सम्पदा ऐजेन्टों और दलालों के कार्यकलाप, एक शुल्क या ठीका आधार पर स्थावर सम्पदा को बखरीदना, बेचना या किराये पर देने में मध्यस्थता करना, एक शुल्क या ठीका आधार पर स्थावर सम्पदा का प्रबन्धन, स्थावर सम्पदा के लिए मूल्य निरूपण सेवायें, स्थावर सम्पदा निलम्ब सम्पत्ति ऐजेन्ट, शामिल किए जायेंगे ।
६९	कानूनी और लेखा मूलक कार्यकलापें	कानूनी कार्यकलापें, लेखा मूलक, बुक कीपिंग और लेखा परीक्षा कार्यकलापें, कर परामर्श ।

रा.औ.व-२००८		
७०	प्रबंधन परामर्शी कार्यकलापें	मुख्य कार्यालयों के कार्यकलाप, प्रबन्धन परामर्शी कार्यकलाप ।
७१	वास्तुकला और इंजीनियरिंग कार्यकलापें, तकनीकी परीक्षण और विश्लेषण	वास्तुकला और इंजीनियरिंग कार्यकलापें एवं संबंधित तकनीकी परामर्श, तकनीकी परीक्षण और विश्लेषण/इस श्रेणी में शामिल होंगे, वास्तुकला परामर्श कार्यकलाप, मशीनरी, औद्योगिक प्रक्रिया, नियंत्रण और औद्योगिक संयंत्र डिजाइन, इंजीनियरिंग डिजाइन और भू-भौतिकी और भूकम्पीय सर्वेक्षण, भू-गणितीय सर्वेक्षण कार्यकलापों के लिए परामर्शी कार्यकलापें; सभी प्रकार के पदार्थों और उत्पादों के भौतिक, रसायनिक और अन्य विश्लेषणात्मक परीक्षण का निष्पादन, उत्पादों का प्रमाणीकरण, जिसमें उपभोक्ता वस्तुयें, मोटर गाड़ियों, वायु-यान, दाब-पात्र, नाभीकीय संयंत्र इत्यादि, मोटर गाड़ियों का आवधिक पथ-सुरक्षा परीक्षण, मॉडल या मॉक-अप के प्रयोग द्वारा परीक्षण (यथा वायुयान, समुद्री जहाज, बांध आदि का), पुलिस प्रयोगशालाओं का संचालन ।
७२	वैज्ञानिक अनुसंधान और विकास	प्राकृतिक विज्ञान, इंजीनियरी, समाजिक विज्ञान और मानविकी पर अनुसंधान और प्रयोगिक विकास ।
७३	विज्ञापन और बाजार अनुसंधान	विज्ञापन, बाजार अनुसंधान और लोक राय मतदान । इस श्रेणी में शामिल हैं ; सभी प्रकार की विज्ञापन सेवाओं के प्रावधान (अर्थात अन्तः गृह क्षमता या सह-ठेकेदारी के द्वारा), परामर्श सृजनात्मक सेवायें, विज्ञापन सामग्रियों को तैयार करना, मीडिया योजना और खरीद सहित ; बाजार में सम्भावनाओं की छान-बीन, उत्पादों की स्वीकार्यता और सुविज्ञता तथा नये उत्पादों की बिक्री प्रोन्नति और विकास के उद्देश्य से उपभोक्ताओं की क्रय आदतें, परिणामों के सांख्यिकीय विश्लेषण सहित, राजनैतिक, आर्थिक और सामाजिक मामलों के विषय में लोगों के सामूहिक राय की छान-बीन और उनका सांख्यिकीय विश्लेषण ।
७४	अन्य पेशावर, वैज्ञानिक और तकनीकी कार्यकलापें	वस्त्र, पहनावा, जूते, आभूषण, फर्नीचर और अन्य फैशन के सामग्रियों के साथ-साथ अन्य फैशन सामग्रियों से संबंधित फैशन डिजाइन के साथ-साथ अन्य व्यक्तिगत या पारिवारिक सामान ; अन्दरूनी भीतरी साज-सज्ज करने वालों के कार्यकलाप ; ग्राफिक डिजाइनरों के कार्य ; फोटोग्राफी कार्यकलापें (वाणिज्यिक एवं उपभोक्ता फोटोग्राफ निर्माण ; फोटोग्राफी फिल्म विधायन ; फोटो जर्नलिस्ट के कार्यकलाप ; दस्तावेजों की माइक्रो फिल्म बनाना) ; व्यवसाय दलतली कार्यकलापें ; पेटेन्ट दलाली कार्यकलापों ; मौसम पूर्वानुमान कार्यकलापें ; सुरक्षा परामर्श, इत्यादि ।
७५	पशु चिकित्सा कार्यकलापें	इन कार्यकलापों के अन्तर्गत चरागाह पशुवों या पालतू पशुवों के लिए स्वास्थ्य परिचर्या एवं नियंत्रण कार्यकलापों के प्रावधान शामिल किए जायेंगे, पशु चिकित्सा अस्पतालों में योग्य पशु चिकित्सकों द्वारा ये कार्यकलाप किए जाते हैं । इसमें पशु ऐम्बुलेन्स कार्यकलाप भी शामिल हैं ।
७७१	मोटर वाहनों कों किराये पर और पट्टे पर देना	यात्री मोटर गाड़ियों (ड्राइवर बगैर), ट्रक, उपयोगी ट्रेलर और मनोविनोद गाड़ियों को किराये पर और संचालनात्मक पट्टे पर देना ।
७७२	वैयक्तिक और पारिवारिक वस्तुओं	मनोविनोद और खेल-कूद की वस्तुओं को किराये पर और पट्टे पर देना ;

रा.औ.व-२००८		
	को किराये पर और पट्टे पर देना	विडियो टेप और डिस्क को किराये पर देना ; तम्बू, फर्नीचर, मिट्टी के बर्तन और गिलास, रसोई के बर्तन एवं धूटी-कांटे, बर्तन, घरेलू बिजली और इलैक्ट्रॉनिक उपकरण आदि को किराये पर देना, पुस्तकों, जर्नलों और पत्र-पत्रिक को किराये पर देना ; आभूषण, वाद्य उपकरण, दृश्य चित्रों और पोशाकों को किराये पर देना ; वस्त्रों, पहनावे, जूते, सोने के थेले, रकसैक, पारिवारिक वस्तुयें ।
७७३	अन्य मशीनों, उपस्कर और स्पृश्य वस्तुयें, एन.इ.सी. को किराये पर और पट्टे पर देना	अन्य मशीनों, उपस्कर और स्पृश्य वस्तुयें, एन.इ.सी. को किराये पर और पट्टे पर देना ।
७८	रोजगार कार्यकलाप	नौकरी की व्यवस्था करने वाले संस्थानों के कार्यकलाप ; अस्थायी नौकरी वालें संस्था के कार्यकलाप; मानव संसाधन प्रावधान और मानव संसाधन कार्य का प्रबन्धन ।
७९	पर्यटन संस्था, टूर ऑपरेटर और अन्य आरक्षण सेवा कार्यकलाप	पर्यटन संस्था कार्यकलापें ; टूर ऑपरेटर कार्यकलापें ; टूरिस्ट गाइड के कार्यकलाप ; आवास, सम्मेलन केन्द्र, मनोरंजन स्थल एवं अन्य यात्रा संबंधी आरक्षण सेवायें (परिवहन, होटल, रेस्तरां, कार भाड़ा, मनोरंजन और खेल-कूद) की जानकारी देने के लिए संस्थानों को सूचना एवं सहायता प्रदान कर पर्यटकों के लिए सेवा उपलब्ध कराने के कार्यकलाप
८०	सुरक्षा और जाँच-पड़ताल कार्यकलापें	निजी सुरक्षा कार्यकलापें ; सुरक्षा प्रणाली सेवा कार्यकलापें ; जाँच-पड़ताल कार्यकलापें ।
८१	भवनों एवं भू-खंड सेवाओं के कार्यकलाप	संयुक्त सुविधाएं प्रदान करने वाले कार्यकलाप (इस श्रेणी में वे इकाइयाँ शामिल हैं, जो एक साथ कई सेवाएं प्रदान करती हैं जैसे कि सामान्य अन्दरूनी साफ-सफाई, रख-रखाव, कूड़ा-कचरा निपटान, लाउंड्री और संबंधित सेवाएं । वे इन कार्यकलापों हेतु काम करने वाले लोग उपलब्ध कराती हैं ।) ; भवनों की सामान्य साफ-सफाई ; ट्रेन, बस, प्लेन आदि की साफ-सफाई ; औद्योगिक मशीनों की सफाई ; अन्य भवन एवं औद्योगिक साफ-सफाई कार्यकलापें ; भू-खण्ड देख-रेख एवं रख-रखाव सेवा कार्यकलापें ।
८२	कार्यालय प्रशासन, कार्यालय सहायता और अन्य व्यवसाय सहायता कार्यकलाप	संयुक्त कार्यालय प्रशासनिक सेवा कार्याकलापें (इस श्रेणी में शामिल हैं - ठीका पर या फीस लेकर दूसरों के लिए दैनिक कार्यालय प्रशासनिक सेवाओं के संयुक्त प्रावधान जैसे कि स्वागत, वित्तीय योजना, बिल बनाना और रेकार्ड रखना, कार्मिक और डाक सेवाएं आदि) ; फोटोकॉपी करना, डुप्लिकेट या ब्लूप्रिंट बनाने के कार्य ; प्रलेख तैयार करना, टाइप करना, वर्ड प्रॉसेसिंग और डेस्कटॉप पब्लिशिंग कार्य ; अन्य विशिष्ट कार्यालय सहायता कार्यकलापें ; कॉल सेन्टर के कार्यकलाप ; सम्मेलनों और व्यापार कार्यक्रमों का आयोजित ; कलेक्शन संस्थाओं और क्रेडिट ब्यूरो के कार्यकलाप ; पैकेजिंग कार्यकलाप, इत्यादि ।
८५	शिक्षा	पूर्व-प्राथमिक शिक्षा, प्राथमिक शिक्षा ; सामान्य सेकेण्डरी (उच्च सेकण्डरी शिक्षा सहित) ; तकनीकी और व्यावसायिक सेकेण्डरी शिक्षा ; उच्चतर शिक्षा, खेल-कूद और मनोविनोद शिक्षा ; सांस्कृतिक शिक्षा ; शैक्षिक ट्यूटर सेवा ; व्यावसायिक परीक्षा समीक्षा पाठ्यक्रम ; फ्लाईंग स्कूल ; व्यावसायिक और गैर-व्यावसायिक मोटर ड्राईविंग स्कूल ; शैक्षणिक सहायता सेवायें । **[सभी सरकारी या सरकार द्वारा अनुदान प्राप्त शैक्षिक संस्थान सर्वेक्षण व्याप्ति**

रा.औ.व-२००८		
		से बाहर रहेंगे । शैक्षिक संस्थान, जिन्में शिक्षकों/कर्मचारियों के वेतन पूर्णतः सरकारी निधि से प्रदान किए जाते हैं, सरकारी सहायता प्राप्त शैक्षिक संस्थान माने जायेंगे ।] सभी निजी शैक्षिक संस्थान, चाहे मान्यता प्राप्त हों या न हों, शामिल किए जायेंगे । इसके अन्तर्गत प्रबन्धन प्रशिक्षण संस्थान, कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र, नर्सिंग स्कूल, फैशन डिजाईनिंग, योगा और शारीरिक शिक्षा के स्कूल तथा सामान्य कोचिंग केन्द्र (उदाहरणार्थ, विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा के लिए) आदि शामिल किए जायेंगे । इसमें प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र भी शामिल होंगे ।
८६	मानव स्वास्थ्य कार्यकलाप	अस्पताल कार्यकलापें ; मेडिकल और डेंटल प्रैक्टिस कार्यकलापें ; आयुर्वेद, युनानी, होमियोपेथ प्रैक्टिस करने वालों के कार्यकलाप, नर्स, मालिश करने वाले ; फिजियोथेरापिस्ट या अन्य अर्ध चिकित्सा प्रैक्टिशनर के कार्यकलाप ; स्वतन्त्र डायग्नोस्टिक/पैथोलॉजिकल प्रयोगशालाओं के कार्यकलाप ; स्वतंत्र ब्लड बैंकों के कार्यकलाप ; स्वतन्त्र ऐम्बुलेन्स कार्यकलापों । **[सभी उद्यमें जो स्वास्थ्य और चिकित्सा सेवा में लगे हैं परन्तु सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों, स्थानीय निकायों के स्वामित्व में नहीं हैं, यहां शामिल किये जायेंगें, उनकी चिकित्सा पद्धति चाहे कोई भी हो]**
८७	आवासीय देख-रेख कार्यकलाप	नर्सिंग केयर सुविधायें (नर्सिंग केयर के साथ वयों वृद्धों के लिए गृह, नर्सिंग केयर के साथ विश्राम गृह) ; मानसिक ह्रास, मानसिक रूप से अस्वस्थ और तात्विक दुर्व्यवहार के लिए आवासीय देख-रेख कार्यकलापें ; वयोंवृद्ध और अपंगों के लिए आवासीय देख-रेख कार्यकलाप ; सीमित स्वयं देख-रेख की क्षमता वाले बच्चों और विशेष प्रकार के व्यक्तियों को सामाजिक सहायता प्रदान करने के लिए चौबीसों घंटे देख-रेख प्रदान करने वाले कार्यकलाप ; परन्तु जहां चिकित्सकीय उपचार या शिक्षा महत्वपूर्ण तत्व नहीं है जैसे कि अनाथालयों, बच्चों के बोर्डिंग होम और हॉस्टल, अस्थायी गृहविहीन आश्रय, संस्थायें जो अविवाहित माताओं और उनके बच्चों का देख-रेख करते हैं ।
८८	आवास के बगैर सामाजिक कार्य कियाकलाप	वयोंवृद्धों और अपंगो के लिए सामाजिक क्रियाकलापें ; सामाजिक परामर्श, कल्याण, शरणार्थी, सम्प्रेषण और इसी प्रकार की सेवायें जो व्यक्तियों या उनके परिवारों को उनके घर में या अन्यत्र प्रदान की जाती है तथा सरकारी कार्यालयों या निजी संगठनों, विपत्ति राहत संगठनों और राष्ट्रीय या स्थानीय स्वयं सेवी संगठनों और परामर्शी सेवायें जैसे कि बच्चा दिवा-देख रेख (डे केयर), सामुदायिक और पास-पड़ोस कार्यकलाप, धर्मार्थ कार्यकलापें जैसे निधि उगाही या सामाजिक कार्य के उद्देश्य से अन्य सहायता कार्यकलापें प्रदान करने वाले विशेषज्ञों द्वारा किए जाते हैं ।
९०	सृजनात्मक, कला और मनोरंजन कार्यकलाप	नाट्य कला, संगीत और अन्य कला संबंधी कार्यकलापें इस श्रेणी में शामिल हैं - स्टेज प्रोडेक्शन संबंधी कार्यकलापें ; संगीत समारोह और थियेटर हॉल का संचालन तथा अन्य ललित कला सुविधायें ; मूर्तिकार, चित्रकार, व्यंग्य-चित्रकार (काटूनिस्ट) ; नक्काश, निधारक (etcher) आदि के कार्यकलाप ; काल्पनिक लेख, लेखन तकनीकी लेख आदि सहित सभी विषयों के लिए लेख लिखने वाले लेखकों के कार्यकलाप ; स्वतन्त्र पत्रकारों के कार्यकलाप ; चित्रकारी आदि जैसे कला संबंधी कार्य का पूर्नस्थापन कार्यकलाप ।
९१	पुस्तकालय, ग्रन्थागार, संग्रहालय और अन्य सांस्कृतिक	पुस्तकालय और ग्रन्थागार कार्यकलापें ; संग्रहालय कार्यकलापें और ऐतिहासिक स्थलों एवं भवनों का संचालन ; वानस्पतिक और जन्तु शाला (Zoological) बगीचों एवं प्राकृतिक आरक्षित क्षेत्रों कार्यकलाप ।

रा.औ.व-२००८		
९२	कार्यकलाप जुआ और सट्टेबाजी कार्यकलापें	लॉटरी टिकटों की थोक एवं खुदरा बिक्री ; अन्य जुआ और सट्टेबाजी कार्यकलापें । तथापि, कुछ जुए/सट्टेबाजी कार्यकलाप ऐसे हैं जो गैरकानूनी एवं गुप्त रूप से खेले जाते हैं ये इस सर्वेक्षण से बाहर रहेंगे ।
९३	खेल-कूद कार्यकलापें और मनोरंजन एवं मनोविनोद कार्यकलाप	खेल-कूद सुविधाओं का संचालन ; खेल-कूद क्लबों कार्यकलाप ; अन्य खेल-कूद कार्यकलाप ; मनोरंजन पार्क और थीम पार्क के कार्यकलाप ।
९४१	व्यवसाय नियोक्ता और पेशेवर सदस्यता वाले संगठनों के कार्यकलाप	चेम्बर ऑफ कॉमर्स, शिल्पिसंघो (गिल्ड) और ऐसे संस्थानों के संघों के कार्यकलाप ; लेखकों, चित्रकारों, वकीलों, डॉक्टरों, पत्रकारों और अन्य ऐसे संगठनों के संघों के कार्यकलाप ।
९४९	अन्य सदस्यता वाले संगठनों के कार्यकलाप	अन्य सदस्यता वाले संगठनों के कार्यकलाप जैसे धार्मिक संगठन के कार्यकलाप इसमें शामिल किए जायेंगे यदि इनका संबंध संगठनात्मक कार्यकलापों के अतिरिक्त अन्य कार्यकलापों से है । अतः धार्मिक संगठन जो चर्च, मस्जिद, मंदिर, यहूदी प्रार्थना भवन या अन्य स्थलों में पूजा करने वालों को प्रत्यक्ष सेवायें प्रदान कराते हैं के कार्यकलाप, मठ और आश्रम सेवायें धार्मिक साधना कार्यकलाप प्रदान करने वाले संगठनों के कार्यकलाप इस सर्वेक्षण से बाहर रहेंगें । तथापि, पुरोहित जैसे अन्य व्यक्ति जो पूजा करने वालों को सीधी सुविधायें प्रदान करते हैं, शामिल किये जायेंगे । राजनैतिक संगठनों के कार्यकलाप शामिल नहीं किये जायेंगे । रोटरी क्लब, छात्र संघ, निवृत्त सैनिकों के संघ, बुक क्लब, टिकट संग्रहण क्लब, अल्प समुदायों के संघ के कार्यकलाप और अन्य इसी प्रकार के संघों/संगठनों के कार्यकलाप सर्वेक्षण में शामिल किए जायेंगे ।
९५	कम्प्यूटरों और वैयक्तिक एवं घरेलू सामग्रियों की मरम्मत	कम्प्यूटरों और बाह्य उपस्करों की मरम्मत और रखरखाव ; स्वचालित टर्मिनल जैसे, स्वचालित टेलर मशीनों, प्वाइंट-ऑफ-सेल (पी ओ एस) टर्मिनलस, जो यन्त्रवत संचालित नहीं किए जाते, की मरम्मत और रखरखाव ; संचार उपस्करों जैसे बेतार (कॅर्डलेस) टेलीफोन, सेलूलर फोन, फैक्स मशीनों, वाणिज्यिक टी वी और विडियों कैमरा आदि की मरम्मत और रखरखाव ; उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स की मरम्मत और रखरखाव ; घरेलू उपकरणों (रेफ्रिजरेटर, स्टोव, वॉशिंग मशीनों, कपड़े सुखाने की मशीनों, कमरा वातानुकूलनों आदि) की मरम्मत और साफ-सफाई ; गृह एवं बगीचा उपकरण जैसे धास-लावक, एजर, ट्रिमर्स आदि की मरम्मत और साफ-सफाई ; जूतों और चमड़े के सामानों की मरम्मत ; फर्नीचर और घरेलू साज-सामानों की मरम्मत ; साईकिलों की मरम्मत ; वस्त्रों की सिलाई मरम्मत और छोटा-बड़ा करना ; आभूषणों की मरम्मत ; घड़ियों ; दीवार घड़ियों और उनके पूर्जों की मरम्मत ; संगीत बाद्ययों की मरम्मत ; अन्य निजी और घरेलू सामग्रियों की मरम्मत ।
९६	अन्य निजी सेवा कार्यकलापें	वस्त्र और लोम उत्पादों की धुलाई और सफाई (ड्राई) ; केश प्रसाधन और अन्य सौन्दर्य चिकित्सा ; अन्त्योष्टि और संबंधित कार्यकलापें ; सामाजिक कार्यकलापें जैसे मार्गरक्षी सेवा, विवाह ब्यूरों ; पालतू जानवरों की देख-रेख सेवायें जैसे उनके लिए आवास, उनकी देख-भाल और उनकों प्रशिक्षण देना आदि ; शू

रा.औ.व-२००८		
		साइनर्स, पोर्टर, वेलेट कर पार्कर आदि ; सिक्का-संचालित निजी सेवा मशीनें जैसे फोटो बूथ ; तुला मशीन ; ब्लड प्रेशर मापने की मशीन आदि ; सोना और स्टीम बाथ, मसाज सलून आदि के कार्यकलापें ; ज्योतिषी और धार्मिक गुरुओं के कार्यकलापें ; आया, दायी, गवर्नेस, बच्चों को रखनेवाले आदि के कार्यकलाप ; (तथापि, व्यक्तिगत परिवारों में नियुक्त लोगों को रा.औ.व ९७ के अन्तर्गत वर्गीकृत किया गया है और उन्हें इस सर्वेक्षण व्याप्ति से बाहर रखा गया है) ; सामान्य घरेलू रखरखाव कार्यकलापें जैसे झाड़ु लगाना, पोंछना, बर्तनों की सफाई आदि ।
परिवारों को सेवा उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति, उदाहरण के लिए रसोईया, ट्यूटर, आदि जो नियोक्ता के घरों में जाकर (परिवार के भीतर उत्पादित सेवा और परिवार द्वारा नियमित रूप से उपयोग किये गये) को उद्यम नहीं माना जायेगा । तथापि, यदि इस प्रकार के व्यक्ति निजी परिवारों को छोड़कर उद्यमों/संस्थानों को सेवा उपलब्ध कराते हैं, तो उन्हें उद्यम के रूप में माना जायेगा । उसी प्रकार, यदि कुछ व्यक्ति कानूनी, लेखा-जोखा या समान सेवायें विभिन्न उद्यमों को सशुल्क आधार पर उपलब्ध कराते हैं, तो उन्हें स्व-कार्यरत उद्यम चलाने वाले माना जायेगा ।		
यदि सर्वेक्षणाधीन कोई भी उद्यम धार्मिक/राजनैतिक/अन्य सदस्यता संगठनों द्वारा चलाया जाता है तथा सेवा प्रदान करने के लिए उसमें कम से कम एक कर्मचारी को काम पर रखा गया है, तो उस उद्यम को उस कार्यकलाप के संबंधित रा.औ.व. संकेतांक के अधीन शामिल किया जायेगा ।		

सारणी १ : रा प्र स ६६वें दौर के लिए प्रतिदर्श ग्रामों और खंडों का वितरण

राज्य/सं.रा.क्षे.		प्र.च.इयों की संख्या					
		केन्द्रीय प्रतिदर्श			राज्य प्रतिदर्श		
संकेतांक	नाम	कुल	ग्रामीण	नगरीय	कुल	ग्रामीण	नगरीय
(१)	(२)	(३)	(४)	(५)	(६)	(७)	(८)
०१	जम्मू व कश्मीर	280	168	112	560	336	224
०२	हिमाचल प्रदेश	232	160	72	232	160	72
०३	पंजाब	416	216	200	416	216	200
०४	चंडीगढ़	48	8	40	0	0	0
०५	उत्तराखंड	280	180	100	280	180	100
०६	हरियाणा	464	240	224	464	240	224
०७	दिल्ली	424	16	408	848	32	816
०८	राजस्थान	696	384	312	696	384	312
०९	उत्तर प्रदेश	1656	840	816	1656	840	816

१०	बिहार	792	456	336	792	456	336
११	सिक्किम	56	32	24	56	32	24
१२	अरुणाचल प्रदेश	192	144	48	192	144	48
१३	नागालैंड	136	104	32	200	104	96
१४	मणिपुर	160	104	56	320	208	112
१५	मिजोरम	136	88	48	136	88	48
१६	त्रिपुरा	200	136	64	200	136	64
१७	मेघालय	128	80	48	128	80	48
१८	असम	488	320	168	488	320	168
१९	पश्चिम बंगाल	1192	632	560	1192	632	560
२०	झारखंड	416	264	152	416	264	152
२१	ओड़िसा	592	360	232	592	360	232
२२	छत्तीसगढ़	320	184	136	320	184	136
२३	मध्य प्रदेश	1064	576	488	1064	576	488
२४	गुजरात	656	300	356	656	300	356
२५	दमन और दीव	16	8	8	16	8	8
२६	दादर और नागर हवेली	24	16	8	0	0	0
२७	महाराष्ट्र	1176	400	776	1568	400	1168
२८	आंध्रप्रदेश	1176	632	544	1176	632	544
२९	कर्नाटक	664	312	352	664	312	352
३०	गोवा	40	24	16	40	24	16
३१	लक्षद्वीप	16	8	8	0	0	0
३२	केरल	640	392	248	640	392	248
३३	तमिलनाडु	1120	504	616	1120	504	616
३४	पोंडिचेरी	48	16	32	48	16	32
३५	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	56	32	24	0	0	0
सम्पूर्ण भारत		**१६०००**	**8336**	**7664**	**17176**	**8560**	**8616**

टिप्पणी : (i) वास्तविक प्रतिदर्श चयन कार्य के समय आबंटन में छोटे-मोटे बदलाव आवश्यक हो सकते हैं ।

(ii) राज्य प्रतिदर्श आबंटन वर्तमान सुमेलन प्रणाली पर आधारित हैं । गुजरात के लिए, जहाँ सुमेलन प्रणाली 'बराबर से कम है', राज्य प्रतिदर्श आकार (६५६ प्र.च.इ.) को केन्द्रीय प्रतिदर्श के लिए आवश्यक न्यूनतम आबंटन के बराबर लेना है ।